हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

06 ध्यान शिविर: पुलिसकर्मियों को मानसिक शांति और ...



07 शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाला पथ संचलन ...







**खबर संक्षेप**

### कृषक समूह पुरस्कार के लिए आवेदन 24 अक्टूबर तक आमंत्रित


**सीहोर।** कृषि विभाग द्वारा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन 'आत्मा' के अंतर्गत सर्वोत्तम राज्य स्तरीय जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय कृषक पुरस्कार तथा सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार के किसानों एवं समूहों से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 24 अक्टूबर 2025 है। इसके तहत किसानों द्वारा विगत वर्ष 2024-25 में कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, रेशम पालन, उद्यानिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में की गई उन्नत तकनीकी, नवाचार, तकनीकी का विस्तार, फसल, उपज एवं उत्पादकता मूल्यांकन के आधार पर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। इसी प्रकार सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि प्रसंस्करण एवं रेशम पालन के लिए भी आवेदन किये जा सकते हैं। किसान इसके लिए आवेदन संबंधित वरिष्ठ कृषि विकासखण्ड कार्यालय, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर से प्राप्त कर सकते हैं। इसके तहत विख स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार में 25 कृषकों को राशि 10000 रूपये प्रति कृषक तथा जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार में 10 कृषकों को राशि 25000 रूपये प्रति कृषक प्रमाण-पत्र के साथ गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाएगा।

### क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव व युवा नेता कार्तिकेय सिंह ने तीन नई सहकारी समितियों किया शुभारंभ

# एक समिति के तहत पहले 8 से 10 गांव आते थे अब 3 से 4 गांव के बीच बनाई जाएगी समिति

पाडलिया गांव में हुई सभा में विधायक भार्गव ने कहा कि अब अमलाड़ा और सरबरगंज के किसानों को राला नहीं जाना पड़ेगा। सभी काम गांव में ही हो सकेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





क्षेत्र के कई गांव के किसानों को बड़ी राहत मिली है। शनिवार को पाडलिया, छिदगांव काछी और मंडी गांवों में नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की शुरुआत हुई। क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव और युवा नेता कार्तिकय सिंह चौहान ने फीता काटकर समितियों का उद्घाटन किया। इन समितियों से करीब 2000 किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। अब किसानों को सहकारी सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। पाडलिया गांव में हुई सभा में विधायक भार्गव ने कहा कि अब अमलाड़ा और सरबरगंज के किसानों को राला नहीं जाना पड़ेगा। सभी काम गांव में ही हो सकेंगे।

उन्होंने केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सराहना की। कहा कि उनके विजन से बुदनी विधानसभा क्षेत्र में 10 नई सहकारी समितियां बनी हैं। पहले एक समिति के तहत 8 से 10 गांव आते थे। अब हर 3-4 गांवों के बीच एक समिति बनाई जा रही है। विधायक भार्गव ने कहा कि कांग्रेस सरकार में किसानों को 16 से 18 फीसदी ब्याज पर ऋण मिलता था। 2003-04 में भाजपा सरकार बनने के बाद यह ब्याज दर शून्य कर दी गई। इसका लाभ किसान आज तक ले रहे पूर्व सीएम ने बढ़ाया महिलाओं का सम्मान युवा नेता कार्तिकय सिंह चौहान ने कहा कि मक्का का रकबा बढते से खाद की जो कमी आ रही है, उसे विधायक और केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में दूर किया जाएगा। उन्होंने पूर्व सीएम और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने लगातार बहन-बेटियों और महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाया है, उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाया है।

उन्होंने भी विधायक भार्गव की बात को दोहराते हुए कहा कि जो वास्तविक नुकसान हुआ है, उसके लिए वे मिलकर मुख्यमंत्री से बात करेंगे और किसानों की भरपाई कराई जाएगी। हैं। सोयाबीन की फसल को बारिश से हुए नुकसान पर भार्गव ने चिंता जताई। कहा कि उन्होंने खुद नुकसान का जायजा लिया है। किसानों को उचित मुआवजा और बीमा राशि दिलाने के लिए वे केंद्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री से मिलेंगे। उन्होंने किसानों से चिंता न करने की अपील की। कहा कि सही सर्वे कराकर भरपाई की जाएगी। रबी सीजन के लिए खाद की कोई कमी नहीं है। लगातार रैक आ रहे हैं। सोसायटी में खाद भेजा जा रहा है। पाड़लिया, छिदगांव काछी व मंडी में बहुउद्देशीय सहकारी समितियों की शुरूआत हुई।

#### इन गांव के किसान होंगे लाभान्वित

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पर्यवेक्षक कमल सिंह ठाकुर और राला समिति के सचिव अरुण यादव ने बताया कि पाडलिया समिति के तहत अमलाड़ा और सरबरगंज के 619, छिदगांव काछी समिति के तहत आंबाकदीम और बडगांव के 680 व मंडी समिति के तहत सीलकंठ, सातदेव, टिगाली और नीमाखेड़ी के 700 किसानों को इसका फायदा मिल सकेगा। इन तीनों समितियों के किसानों को कृषि ऋण राशन, उपज की तुलाई और उर्वरक जैसी सुविधाएं नजदीक की सोसायटी से मिल सकेंगी। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, रघुनाथ सिंह भाटी, चंद्रकांत खण्डेलवाल, जितेंद्र गौड़, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, बैंक के सीईओ मनोज शर्मा, डीआर सुधीर कैथवास, शाखा प्रबंधक खुशीराम बारेला, सचिव अरुण यादव, कैलाश पंवार, कृपाराम मालवीय, धर्मेंद्र राजपूत, मोहन पंवार, गोविंद पंवार, भूपेन्द्र पंवार, विक्रम मंडलोई शामिल थे।

## हाउसिंग बोर्ड ब्रिज को नागरिकों ने दिया नाम 'सांप-सीढ़ी', विरोध में कराई प्रतियोगिता



**सीहोर।** पुराने भोपाल-इंदौर रोड पर बन रहे हाउसिंग बोर्ड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य क्षेत्रीय नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। निर्माण में लापरवाही और सर्विस रोड न दिए जाने के विरोध में नागरिकों ने एक अनोखी पहल करते हुए इस ब्रिज को 'सांप-सीढ़ी' नाम दे दिया है और इसके विरोध में रविवार को 'सांप-सीढ़ी' प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिले भर में यह अनूठी प्रतियोगिता चर्चा का विषय रही, जिसमें कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

क्षेत्रीय नागरिकों जिनमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती भी शामिल हैं का कहना है कि ओवर ब्रिज का डिजाइन नाग-नागिन या 'सांप-सीढ़ी' जैसा बन रहा है, जो खतरनाक है। यह ब्रिज क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों के निवासियों के लिए यातायात की बड़ी समस्या खड़ी कर रहा है, क्योंकि हाउसिंग बोर्ड की तरफ एप्रोच (सर्विस) रोड नहीं बनाया जा रहा है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि यह ब्रिज पुराने भोपाल-इंदौर हाईवे पर बनाया जा रहा है। ब्रिज का निर्माण सांप सीढ़ीनुमा होने के कारण यह भविष्य में एक्सीडेंटल जोन बन सकता है। हमारी मुख्य मांग है कि ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड बनाया जाए, लेकिन ब्रिज कॉर्पोरेशन और अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

#### जनप्रतिनिधियों से नहीं हो रही सुनवाई

क्षेत्रीय नागरिक बीते दिनों माता रानी को ज्ञापन देने से लेकर आधा दर्जन से अधिक बार प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन अधिकारियों की जूँ तक नहीं रेंग रही है। सबसे खास बात यह है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती भी इसी हाउसिंग क्षेत्र में रहते हैं, जो इस समस्या की गंभीरता से उठा रहे हैं। तीन से चार बड़े स्कूल इसी मार्ग पर होने के कारण बच्चों और अभिभावकों के लिए भी यह ब्रिज बड़ी मुश्किल खड़ी कर रहा है।

नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों से हस्तक्षेप कर हाउसिंग बोर्ड की तरफ भी सर्विस रोड बनवाने की मांग की है, ताकि आने वाले समय में यहां के नागरिकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## जल्द निर्माण पूर्ण करें हितग्राही, अन्यथा होगी न्यायालयीन कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

प्रधानमंत्री आवास योजना (बीएलसी घटक 1.0) अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र के 15 वार्डों में स्वीकृत 1179 आवासों में से 1069 भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 110 हितग्राहियों को नगर परिषद द्वारा अंतिम सूचना पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि वे अक्टूबर 2025 तक अपने भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण करें, अन्यथा उनके विरुद्ध पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कर न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी।

नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हितग्राहियों को योजना अंतर्गत कुल 2.50 लाख रुपए की राशि तीन किस्तों में स्वीकृत की गई थी — प्रथम किस्त 1 लाख (लेंटर लेवल तक निर्माण हेतु), द्वितीय किस्त 1 लाख (लेंटर लेवल पूर्ण होने पर), तथा अंतिम किस्त 50,000 (निर्माण पूर्ण होने पर)। अधिकांश हितग्राही योजना का लाभ लेकर मकान पूर्ण कर चुके हैं, किन्तु शेष हितग्राही अब तक कार्य पूर्ण नहीं कर पाए हैं। वर्तमान स्थिति के अनुसार 5 भवनों में छत डल चुकी है, 82 भवन लेंटर स्तर पर हैं, 5 भवन नींव स्तर पर हैं। अन्य 11 भवनों पर वर्षों से कोई कार्य नहीं हुआ, जबकि प्रथम किस्त की राशि प्राप्त की जा चुकी है। नगर परिषद द्वारा पूर्व में 5 बार सूचना पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। अब राजधानी स्थित नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र में जारी निर्देशों के पालन में हितग्राहियों को अंतिम सूचना पत्र दिए जा रहे हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि हितग्राही अक्टूबर 2025 तक कार्य पूर्ण नहीं करते हैं, तो उन्हें आगे की कोई राशि शासन से प्राप्त नहीं होगी, तथा अब तक दी गई राशि की वसूली की जाएगी ऐसे मामलों में पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालयीन कार्रवाई भी की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी हितग्राही की होगी।

नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं समस्त पार्षदों ने भी अपील की है कि शेष हितग्राही अपने भवनों का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कर शासन की योजना का पूर्ण लाभ लें एवं विकास कार्य में सहभागी बनें।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**सीहोर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर के तत्वावधान में रविवार, 12 अक्टुबर 2025 को स्थानीय बस स्टैंड हनुमान मंदिर सीहोर के सभागृह में आत्रेय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चाचियावास के सौजन्य से निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर के अध्यक्ष ठाकुर गणेश सिंह चौहान के मय मार्गदर्शन में किया गया।

शिविर प्रारंभ के पूर्व धर्म रक्षक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबाजी द्वारा शिविर के मुखिया डॉ.एस.एन. शर्मा का पुष्पमाला से स्वागत कर आशीर्वाद देते हुए शिविर प्रारंभ किया। इसके साथ ही ठाकुर गणेश सिंह चौहान अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा पूज्य गुरुदेव का स्वागत किया। तत्पश्चात क्षत्रिय महासभा के अन्य सदस्यों ठाकुर धीरेन्द्र सिंह राजावत, शैलेन्द्र सिंह चंदेल, जितेन्द्र सिंह राठौड़, मुकेश दरवार, शिवशंकर सिंह, गोपाल सिंह ठाकुर, अजय सिंह पंवार, गजराज सिंह राघव, रमेश सिंह चौहान, राजेन्द्र सिंह सिकरवार, महेंद्र सिंह चौहान आदि सदस्यों द्वारा चिकित्सक टीम के सभी सदस्यों जिनमें तीन महिलाएं चिकित्सकों का पुष्प मालाओं व गुलदस्ते से स्वागत किया। शिविर में पूर्व चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेदिक विभाग राजस्थान के डॉ.एस.एन. शर्मा द्वारा व उनकी टीम ने सेवाएं देते हुए शिविर में जिले के अन्य स्थानों से आए हुए मरीजों, रोगियों को निःशुल्क परामर्श एवं दवाओं का वितरण किया। शिविर में आये हुए रोगियों द्वारा बताया कि हमे सही इलाज मिला, सभी संतुष्ट दिखे। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी चिकित्सकों व सदस्यों का सफ़ल शिविर के आयोजन हेतु आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया औ कहा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे।

### सीहोर बिल्डअप ने जबलपुर को रोमांचक मैच में 2-1 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में एमपीएल फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को दोपहर दो बजे जबलपुर और बिल्डअप सीहोर टीम के मध्य मुकाबला कांटे का रहा। इस रोमांचक मैच में सीहोर की टीम ने अंतिम समय में गोल कर जबलपुर को 2-1 से हराया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, महिपाल जैन, आनंद उपाध्याय, अरुण राठौर, दीपक बाथम आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अलावा विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बधाई संदेश दिया।

### मोबाइल का प्रयोग बहुत सावधानी से करना चाहिए : अमित सिंह



**सीहोर।** शनिवार को सीहोर स्थित रविंद्र संस्कृतिक भवन टाउन हॉल शासकीय लाइब्रेरी में संचालित यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं को अमित सिंह अर्थशास्त्र पढ़ा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि हम सभी को मोबाइल फोन का प्रयोग बहुत ही सावधानी पूर्वक करना चाहिए और हमें जागरूक रहना चाहिए क्योंकि हमारी जागरूकता से ही हमारे समाज में जागरूकता बढ़ेगी। उपस्थित छात्राओं को यह भी बताया कि कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में जागरूकता बढ़ाने के लिए नित नए काम करने चाहिए। जैसे कि किसी भी दुकान से सामग्री को खरीदते समय हमें उस दुकानदार से रसीद अवश्य ही लेना चाहिए। इस दौरान सहायक संचालक आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा नीतू , शिक्षिका कविता और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। तहसीलदार अमित सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से राष्ट्रीय आय पर विस्तार से चर्चा की और राष्ट्रीय आय को समझाते हुए जीडीपी , एनडीपी , जीएनपी और एनएनपी जैसी प्रमुख शब्दावलियों को भी विस्तार से समझाया और इन शब्दावलियों के बीच अंतर को भी बताया। इसी चर्चा के दौरान उन्होंने देश और राष्ट्र में अंतर को भी स्पष्ट किया। इस निःशुल्क कोचिंग क्लासेस को संचालित करने में सुभाष मानवता विकास समिति और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा शिक्षा समिति का महत्वपूर्ण योगदान है। उल्लेखनीय है कि सीहोर प्रशासन और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से निःशुल्क कोचिंग क्लासेस निरंतर संचालित हो रही है।

## पांचवीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में दर्शिता ने प्रथम और काव्यांश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया




**सीहोर।** रविवार को पांचवी राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के शुभारंभ हुआ। सुबह के सत्र में कई मुकाबले हुए, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बालक में दर्शिता अग्रवाल, दूसरा स्थान काव्यांश घुंघराले और तीसरा स्थान परम राठौर ने हासिल किया। इसके अलावा 7 से 8 वर्ष की आयु वर्ग में प्रथम स्थान विवान मांझी, दूसरा स्थान कनिष्क उपाध्याय, तीसरा स्थान जयेंश कुशवाहा-राघव राठौर ने हासिल किया। इसी वर्ग के मुकाबले में प्रथम स्थान विनायक वर्मा, दूसरा स्थान अवयुक्त दुबे, तीसरा स्थान इशन शर्मा, युवांश ठाकुर रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कलेक्टर बाला गुरु के ने कहा कि नियमित शारीरिक गतिविधि से दिमाग तेज रहता है और संतुलन, लचीलापन, शक्ति, ऊर्जा, और मनोदशा बेहतर होती है। खिलाड़ियों को गुरु और शिष्य की परम्परा को कायम रखना चाहिए, कराटे आत्मरक्षा के लिए होते है। उन्होंने कहाकि हमें खेल जीवन में नियमों और अनुशासन का पालन करना चाहिए। जिससे सफलता मिलेगी।

वहीं कार्यक्रम के दौरान अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि वक्ताओं ने कहाकि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। खेलों से मनुष्य शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होता है। खेलों से मनुष्य अपने कई प्रकार के रोगों से मुक्ति पा सकता है। सामाजिक विकास में भी खेल बहुत महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है।

#### अनेक खेल प्रशिक्षकों का किया गया सम्मान

शहर सहित आस-पास के प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को मंच देने और उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए लंबे समय से मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान एक दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन शहर के इंदौर नाके स्थित बजरंग कालोनी में किया गया था। इस मौके पर एसोसिएशन के कोच लखन ठाकुर, श्रीमती विमला ठाकुर, मनोज दीक्षित मामा, त्रयंबक ठाकुर सहित अन्य ने यहां पर सीहोर जिले के अलावा अन्य जिलों से आए कराटे खेल प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान और स्वागत किया।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान एक दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के दौरान मध्यप्रदेश के विभिन्न जिले से करीब 250 से अधिक कराटे खिलाड़ियों के अलावा खेल प्रशिक्षक शामिल थे। रविवार की सुबह पहले सत्र में 9 से 10 वर्ष की आयु वर्ग में प्रथम स्थान भव्य बेरीवाला, दूसरा स्थान सार्थक मीना, तीसरा स्थान ओमांश दुबे, श्रेयांश रहे। वहीं 11 से 12 वर्ष की आयु वर्ग में प्रथम स्थान आर्य वीर जाट, दूसरा स्थान शुभ वर्मा और तीसरा स्थान मयंक वर्मा, सुदीप जाट रहे। इनको पुरस्कार और मैडल से सम्मानित किया गया।

### मानसिक शांति एकाग्रता के लिए शिविर का आयोजन

# ध्यान शिविर: पुलिसकर्मियों को मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ाने का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सीहोर पुलिस लाइन परिसर में एक दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में हुए इस शिविर में कुल 65 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।



#### मानसिक शांति एकाग्रता के लिए शिविर का आयोजन

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों में मानसिक शांति, एकाग्रता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। हार्टफुलनेस संस्थान के प्रशिक्षकों हर्षित पुरोहित, लोकेन्द्र राठौड़, ललित, रत्नेश शैव और श्याम यदुवंशी ने ध्यान एवं सहज मार्ग साधना की विधि समझाई। उन्होंने बताया कि हृदय और मन के बीच तालमेल स्थापित करने की प्रक्रिया ही हार्टफुलनेस ध्यान है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन को नियंत्रित कर पाता है।

**ऊर्जावान रहने के लिए सही भोजन जरूरी :** इसके अतिरिक्त, जिला चिकित्सालय सीहोर के बाल चिकित्सा आईसीयू प्रभारी डॉ. शशिन्द्र भनारिया ने संतुलित पोषण पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने स्वस्थ और ऊर्जावान रहने के लिए सही भोजन की मात्रा और प्रकार के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र सिंह यादव, थाना प्रभारी सूबेदार बृजमोहन धाकड़, सूबेदार प्राची राजपूत, सूबेदार अजय, एसआई राहुल श्रीवास्तव सहित थाना कोतवाली, मंडी, महिला, अजाक, यातायात एवं पुलिस लाइन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पुलिसकर्मियों ने ध्यान का संकल्प लिया :** शिविर के समापन पर सभी पुलिसकर्मियों ने नियमित ध्यान अभ्यास करने का संकल्प लिया। इसका उद्देश्य अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक एकाग्रता, शांति और सकारात्मक दृष्टिकोण से करना है।

## खबर संक्षेप

### सुबह के समय बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नमक चौराहा और बाजार के अन्य हिस्सों में भी यही हाल है। लोग दोपहिया वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। इससे हर दिन जाम लगता है। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। कई बार लोगों ने पार्किंग स्थल की मांग की। लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ।

### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन/ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जप्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत वितरण कंपनी ने ऐसे उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्षनों की जांच में मीटर क्रमांक, उसकी कार्य प्रणाली एवं श्रेणी दर्ज करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने हेतु मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### जिला मुख्यालय पर निकले पथ संचलन के दौरान 100 से अधिक पुलिस जवान रहे तैनात

# शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाला पथ संचलन स्वयंसेवकों की कदमताल से गूंजे शहर के मार्ग

बता दें स्वयंसेवक इस आयोजन के लिए बीते कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए थे। जिला मुख्यालय पर पथ संचलन शाम 4 बजे बाल विहार मैदान से शुरू हुआ और विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं मार्गों से होते हुए वापस बाल विहार मैदान पर ही समाप्त हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में शताब्दी पथ संचलन निकाला गया। इस संचलन में स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से निकले।बता दें स्वयंसेवक इस आयोजन के लिए बीते कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए थे। जिला मुख्यालय पर पथ संचलन शाम 4 बजे बाल विहार मैदान से शुरू हुआ और विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं मार्गों से होते हुए वापस बाल विहार मैदान पर ही समाप्त हुआ।

### शहर भर में निकाला संचलन

संचलन का रूट बाल विहार मैदान से प्रारंभ होकर मनकामेश्वर मंदिर, तहसील चौराहा, अटल चौक, चरखा लाइन चौराहा, अमर टॉकीज, पावर हाउस चौराहा, मछली पुल, पुराना बस स्टैंड, कोतवाली चौराहा, पान चौराहा, गांधी रोड, चकला मोहल्ला, आष्टा रोड से जगदीश मंदिर चौराहा, पोस्ट ऑफिस, गंगा आश्रम, ट्रामा सेंटरए नदी चौराहा और बंदी मुक्त हनुमान मंदिर के सामने से होते हुए बाल विहार मैदान पहुंचा।

### सुरक्षा और यातायात के इंतजाम

आयोजन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि पथ संचलन में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 100 से अधिक पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। एसपी शुक्ला के अनुसार जिले भर में निकले संचलन के दौरान यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया गया, जिससे आम नागरिकों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।



### विधायक सुदेश राय ने भी संघ की गणवेश पहन मिलाए कदमताल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को जिला मुख्यालय पर निकले पथ संचलन के दौरान क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय आकर्षण का केन्द्र रहे। दरअसल, इस पथ संचलन के दौरान विधायक सुदेश राय संघ की पूर्ण गणवेश के साथ कदमताल मिलाते नजर आए। लोग चर्चा करते नजर आए कि विधायक सुदेश राय ने संभवतः पहली बार ही संघ की गणवेश पहली है। विधायक सुदेश राय की खास उपस्थिति के बीच बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने अपने कड़े अनुशासन और लयबद्ध कदमताल से शहर के प्रमुख मार्गों को गूंजा दिया। अनुशासित संचलन बाल विहार मैदान से शुरू हुआ और मनकामेश्वर मंदिर, तहसील चौराहा, अटल चौक, कोतवाली चौराहा, गांधी रोड से होते हुए वापस बाल विहार मैदान पर संपन्न हुआ।

### सुरक्षा और व्यवस्था रही उत्कृष्ट

आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में स्वयं सेवी शामिल होने बावजूद सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के पुख्ता इंतजामों के कारण आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती और जरुरत के मुताबिक ट्रॉफिक रोका गया, जिससे आमजनों को भी किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

# मौत के 'मुस्कान अस्पताल' जैसे और कितने क्लीनिक!

### आमजनों की मांग: सीएमएचओ कार्यालय तुरंत जारी करे जिले के वैध अस्पतालों की सूची




**सीहोर।** जिले के बरखेड़ी गांव में अवैध रूप से संचालित मुस्कान अस्पताल में दो वर्षीय मासूम दीक्षा कुशवाहा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद सीएमएचओ कार्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जहां एक ओर अस्पताल संचालक अशोक विश्वकर्मा पर फिलहाल सिर्फ स्वास्थ्य विभाग के नियमों के उल्लंघन दिसंबर 2024 में बंद करने के आदेश के बाद भी अवैध संचालन के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिक अब जिले में संचालित फर्जी अस्पतालों की संख्या पर सवाल उठा रहे हैं। घटना के बाद आम नागरिकों और बुद्धिजीवियों ने सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया के कार्यालय से जिले के सभी वैध निजी अस्पतालों और क्लीनिकों की सूची को सार्वजनिक करने की मांग की है। नागरिक रंजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि सीएमएचओ कार्यालय वैध अस्पतालों की सूची जारी करता है तो आमजनों को इलाज के लिए गफलत नहीं होगी। साथ ही यह भी पता चल सकेगा कि जिले में मिलीभगत से कितने अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं।

दुकानदार लक्ष्मीनारायण पंवार का कहना है कि मुस्कान अस्पताल के कारनामे ने साफ कर दिया है कि जिले में अनेक फर्जी निजी क्लीनिक चल रहे हैं। दोबारा ऐसी घटना न हो, इसलिए सीएमएचओ को तुरंत वैध अस्पतालों की सूची जारी करनी चाहिए।

### सीएमएचओ की गंभीरता पर सवाल

शिक्षाविद् संतोष सिसोदिया ने सीएमएचओ कार्यालय की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा जब सीएमएचओ कार्यालय को महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अवैध क्लीनिक का 10 महीने तक पता नहीं चलाए तो उनकी गंभीरता पर सवाल खड़े होना लाजिमी है।

### दीक्षा को न्याय का इंतजार

फिलहाल एफआईआर केवल अधिनियम की धारा 5 और 8 के तहत अवैध संचालन के लिए हुई है। मासूम दीक्षा की मौत में लापरवाही के मामले में कार्रवाई के लिए परिजनों और पुलिस को अभी जांच टीम की रिपोर्ट का इंतजार है। सीएमएचओ द्वारा गठित पाँच सदस्यीय जाँच टीम, जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ भी शामिल हैं यह पता लगाएगी कि दीक्षा की मृत्यु अवैध रूप से संचालित अस्पताल की लापरवाही या गलत इलाज के कारण हुई थी या नहीं। इस रिपोर्ट के बाद ही डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा पर बच्ची की मौत से संबंधित धाराएं जोड़ी जा सकती हैं। फिलहाल संचालक अभी भी फरार है। नागरिकों का कहना है कि सीएमएचओ को केवल जांच टीम गठित करने या एफआईआर कराने तक सीमित न रहकर, जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता बहाल करने के लिए सभी वैध स्वास्थ्य संस्थाओं की सूची सार्वजनिक करनी चाहिए।

### विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026 व इंडिया स्किल प्रतियोगिता के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15

**सीहोर।** विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी द्वारा इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2025 एवं वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता 2026 के लिए पंजीयन किए जा रहे हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 है। इच्छुक आवेदक पोर्टल पर 15 अक्टूबर से पहले पंजीयन करा सकते हैं। इसके अंतर्गत 63 प्रकार की विभिन्न स्किल्स में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है। पंजीयन के लिए केवल आयु सीमा की बाध्यता है। जिसमें आयु 16 से 22 वर्ष होना चाहिए एवं कुछ स्किल्स प्रतियोगिताओं में 25 वर्ष तक होना चाहिए।

विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी (WSI) द्वारा प्रत्येक दो साल में विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता ओलंपिक के समान का आयोजन सदस्य देशो में से एक देश में किया जाता है। वर्ष 2024 में यह प्रतियोगिता फ्रांस के ल्योन में आयोजित की गई थी तथा आगामी प्रतियोगिता सितंबर 2026 में चाइना के शंघाई में आयोजित की जाएगी। इस अन्तर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग स्तर पर प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्तर पर चयन के लिए मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा राज्य कौशल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# बिजली विवाद पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष मुख्य आरोपियों के नाम एफआईआर से गायब होने का आरोप



**सीहोर।** जिले के शेखपुरा मंडी क्षेत्र में बिजली कनेक्शन के विवाद को लेकर दो पक्षों में गंभीर मारपीट का मामला सामने आया है। फरियादी गौतम गौर ने आरोप लगाया है कि उन पर और उनके भाई मोहित गौर पर महेश पुष्पद और घीसीलाल पुष्पद ने जानलेवा हमला किया, जिसमें मोहित गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं।

फरियादी गौतम गौर ने थाने में दी गई मौखिक रिपोर्ट में बताया कि 8 अक्टूबर को सुबह करीब 9 बजे वह और उनका भाई मोहित गौर घर की लाइट सुधरवाने के लिए पास की डीपी पर गए थे, तभी पड़ोसी महेश पुष्पद और घीसीलाल पुष्पद ने आकर गाली गलौज शुरू कर दी और महेश ने उनके घर का कनेक्शन वाला तार डीपी से निकाल दिया।

**लकड़ी के डंडे से मारा-पीटा :** विरोध करने पर महेश पुष्पद ने मोहित गौर को हाथ मुक्कों से मारना शुरू कर दिया और उसकी छाती पर बैठकर वहीं पड़े लकड़ी के डंडे से मारपीट की। गौतम ने जब बचाने की कोशिश की तो घीसीलाल ने उन्हें पकड़ लिया और उनके साथ भी मारपीट की। चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी महेश गौर, दीपक गौर और रोहित गौर आए और उन्होंने बीच-बचाव किया। जाते-जाते आरोपियों ने जान से खत्म करने की धमकी भी दी। मोहित गौर को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल सीहोर में भर्ती कराया गया है।

**एफआईआर पर उठे सवाल :** इधर फरियादी पक्ष ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 9 अक्टूबर को शिकायतकर्ता गौतम गौर और मोहित गौर ने एक आवेदन देकर दावा किया है कि महेश और घीसीलाल पुष्पद के साथ हमले में अंकित, हर्षित पुत्र घीसीलाल और पिंटू भी शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों के हाथों में तलवार, बल्लम और कुल्हाड़ी जैसे धारदार हथियार थे और उन्होंने जान से मारने की नियत से हमला किया। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मंडी पुलिस ने जानबूझकर एफआईआर में मामूली धाराएं लगाई हैं और मुख्य आरोपी अंकित, हर्षित और पिंटू के नाम दर्ज नहीं किए हैं, जिससे वे बच सकें। उन्होंने मांग की है कि एफआईआर में मुख्य आरोपियों के नाम जोडक़र धाराएं बढ़ाई जाएं, हथियार जब्त किए जाएं और सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

### 18 साल पहले प्रकाश झा की फिल्म जय गंगाजल फिल्म से शुरू किया था सफर

# मायानगरी में सीहोर की पहचान बने जिशान जाफरी, शहर को कराया गुड बुक में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मायानगरी मुंबई के लिए अब सीहोर कोई अनजाना नाम नहीं रहा। इसकी बड़ी वजह हैं स्थानीय शख्सियत जिशान जाफरी, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में सीहोर को बड़े पर्दे और ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिशान के प्रयासों से सीहोर अब बॉलीवुड और वेब सीरीज मेकर्स की 'गुड बुक' में शामिल हो गया है।

जिशान ने बताया कि सीहोर की फिल्मी यात्रा करीब 18 साल पहले डायरेक्टर प्रकाश झा की फिल्म 'जय गंगाजल' की शूटिंग के साथ शुरू हुई थी। इसके बाद अक्षय कुमार अभिनीत टॉयलेट एक प्रेमकथा की शूटिंग भी यहीं हुई, जिसने सीहोर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

**'पंचायत' की सफलता के बाद नई पहचान :** जिशान के मुताबिक सीहोर को भोपाल के करीब होने का फायदा मिलता है। मुंबई से प्रोडक्शन हाउस के लोग जब भोपाल आते हैं तो वह उनसे संपर्क कर उन्हें विश्वास दिलाते हुए सीहोर लेकर आते हैं। हाल के वर्षों में सीहोर ने बड़ी सफलता हासिल की है। लोकप्रिय वेब सीरीज पंचायत के चार पार्ट की शूटिंग सीहोर में हो चुकी है और अब पांचवें पार्ट की शूटिंग शुरू होने वाली है। इसके अलावा ऑस्कर के लिए नामित हो चुकी होम बाउंड और लापता लेडीज की शूटिंग भी यहीं हुई थी।

### जीटीवी का पहला रिएलिटी शो भी सीहोर में

जिशान ने बताया कि हाल ही में जीटीवी के रिएलिटी शो छोरियां चली गांव की शूटिंग तीन महीने तक सीहोर में चली। सीहोर के इतिहास में यह पहला रिएलिटी शो है, जिसकी शूटिंग यहां हुई। प्रोडक्शन यूनिट को यहां का माहौल इतना पसंद आया कि उन्होंने दोबारा आने का वादा किया है।

### सरकार और प्रशासन का भरपूर सहयोग

जिशान ने बताया कि वह प्रोडक्शन हाउस को सभी तरह की परमिशन दिलवाने में सहयोग करते हैं। जिला प्रशासन, एमपी टूरिज्म डिपार्टमेंट और स्थानीय लोग भी उन्हें पूरा समर्थन देते हैं।

वह कहते हैं हमारे अपने सीहोर के लोग बहुत अच्छे हैं और बहुत सहयोग मिलता है। हम प्रोडक्शन हाउस को विश्वास दिलाते हैं कि यहां कोई परेशानी नहीं होगी। जाफरी अब जल्द ही तीन से चार नए प्रोडक्शन हाउस को सीहोर लाने की तैयारी में हैं। वह प्रोडक्शन हाउस को न सिर्फ लोकेशन उपलब्ध कराते हैं, बल्कि जूनियर आर्टिस्ट, गाड़ी, होटल, तकनीकी यूनिट, बाउंसर और मैकेअप मैन जैसी सभी तरह की स्थानीय सुविधाएं भी यहीं उपलब्ध करा देते हैं, जिससे उन्हें बाहरी तौर पर कोई दिक्कत नहीं होती है।

### प्रतिभाओं को मिला 'बड़ा मंच'

सिर्फ फिल्मों की शूटिंग लाना ही नहीं, बल्कि जिशान जाफरी के प्रयासों से सीहोर के स्थानीय युवाओं को भी एक बड़ा प्लेटफॉर्म मिल रहा है। उनकी पहल की बदौलत शहर की कई प्रतिभाएं अब बड़े पर्दे और रिएलिटी शो तक पहुंच रही हैं। हाल ही में शूट हुए रिएलिटी शो 'छोरियां चली गांव' के माध्यम से सीहोर की ग्रामीण प्रतिभाओं को सीधा मुंबई तक पहुंचने का मौका मिला। इसके अलावा शहर के वे अनेक युवा जो एक्टिंग में रुचि रखते हैं, उन्हें स्थानीय स्तर पर हो रही फिल्मों और वेब सीरीज की शूटिंग में मौके मिल रहे हैं। जिशान, प्रोडक्शन हाउस को जूनियर आर्टिस्ट से लेकर तकनीकी यूनिट और बाउंसर तक स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराते हैं। इससे अच्छी बॉडी रखने वाले युवाओं को बाउंसर जैसी नौकरियां मिल रही हैं और स्थानीय स्तर पर अनेक रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।



# किसानों की अधिकार ट्रैक्टर यात्रा आज, सैकड़ाखेड़ी से आएगी शहर में 700 ट्रैक्टरों के शामिल होने का दावा

**सीहोर।** किसानों के लंबित बीमा, मुआवजे और फसल के उचित मूल्य की मांग को लेकर आज 13 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली किसान अधिकार ट्रैक्टर यात्रा आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निकाली जा रही है। यह यात्रा शहर में प्रवेश न करते हुए सैकड़ाखेड़ी रोड से सीधे बस स्टैंड आएगी, यहां से कलेक्ट्रेट पहुंचेगी।

युवा किसान नेता सोहन पटेल ने बताया कि 700 से अधिक ट्रैक्टरों, बाइक और कारों के काफिले वाली यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गों में प्रवेश नहीं करेगी। आयोजकों ने यह फैसला लिया है शहरवासियों को किसी भी तरह की परेशानी या जाम का सामना न करना पड़े, इसलिए यह रैली अमलाहा से होते हुए सैकड़ाखेड़ी पहुंचेगी, यहां से बस स्टैंड आएगी।

### पीजी कॉलेज ग्राउंड में पार्क होंगे वाहन

सोहन पटेल के अनुसार ट्रैक्टर यात्रा अमलाहा बाजार से शुरू होकर चौपाल सागर, सैकड़ाखेड़ी होते हुए बस स्टैंड तक पहुंचेगी। इसके बाद ट्रैक्टरों का पूरा काफिला पीजी ग्राउंड में पार्क किया जाएगा।

यहां से पैदल चलते हुए किसान कलेक्ट्रेट कार्यालय तक जाएंगे और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेंगे। करणी सेना परिवार के प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर भी चौपाल के आसपास से इस रैली में शामिल होंगे।

### यह किसानों की यात्रा कोई नेता नहीं कर रहा लीड

युवा किसान नेता सोहन पटेल ने स्पष्ट किया है कि यह रैली पूरी तरह से गैर राजनीतिक है। यह किसी दल की नहीं, बल्कि आम किसानों की आवाज है।

उन्होंने बताया कि इसमें सभी राजनीतिक दलों से जुड़े किसान बिना किसी राजनीतिक पहचान के शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण बात यह है कि इस यात्रा को कोई नेता लीड नहीं कर रहा है, बल्कि किसान स्वयं ही इसका नेतृत्व कर रहे हैं।

### 5 रुपए में नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

**जाहिर सूचना**

मेरे द्वारा मेरे पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा खसरा क्रमांक-305 (5) रकबा 0.1990 हेक्टेयर एवं खसरा क्रमांक-304(S) रकबा 0.1330 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक-306(S) रकबा 0.3440 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक-303(S) रकबा- 0.3440 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक-307(S) रकबा 0.2060 हेक्टेयर इस प्रकार कुल रकबा 1.226 हेक्टेयर (अर्थात 3.02 एकड़) जो कि ग्राम-पुराछिंदवाडा, प.ह.न. पुराछिंदवाडा, विकास खण्ड-फन्दा, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.) को क्रय करने का मौखिक अनुबंध निष्पादित कर लिया है सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति फर्म या बैंक संस्था का उक्त भूमि के संबंध में कोई भी पूर्व संव्यवहार हो या किसी का कोई हित भूमि में समाहित हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में कार्यालीन समय में संपर्क कर लिखित आपत्ति में दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा निश्चित अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त संव्यवहार पूर्ण कर भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगा सूचित हो।

भवदीय, **धीरज पाटीदार,** अधिवक्ता
दुकान नंबर 02 दोरहा जोड जिला सीहोर म.प्र.
मो. 8359084636, 9584727969

## खबर संक्षेप

### सेन थॉम एकेडमी इंटर स्कूल मेंटल मैथ क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम

**देवास।** सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड ने इंटरस्कूल मेंटल मैथ क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी। यह आयोजन देवास सहोदय स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के बैनर तले हुआ, जिसमें शहर के 13 प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में गणितीय प्रतिभा, त्वरित सोच और टीमवर्क की भावना को प्रोत्साहित करना था। सेन थॉम एकेडमी का प्रतिनिधित्व करते हुए सुदर्शन गोटी (कक्षा 5) और लक्ष्य पोटदार (कक्षा 4) ने उत्कृष्ट मानसिक फुर्ती और समस्या समाधान क्षमता का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को शीर्ष स्थान दिलाया।सेन थॉम एकेडमी के प्रबंधन, प्राचार्य एवं स्टाफ ने छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई दी।


### जनभागीदारी समिति की बैठक हुई आयोजित

**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय देवास की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनीष पारीक, समिति सचिव प्राचार्य डॉ. एसपीएस राणा, समिति के सदस्य नयन कानूनगो, हेमंत राजोले, संकेत राय, विजय बाथम, गुरु चरण सिंह, मीना भवालकर, आनंद दुबे, लोकेंद्र शुक्ला, समिति प्रभारी डॉ. आरके मराठा, डॉ दीप्ति धवले, डॉ संजय गाड़गे के आतिथ्य में बैठक की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रबंधन की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से नवीन सत्र में कम शुल्क पर एमबीए पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाए। साथ ही नवीन सत्र से बीएएलएलबी पाठ्यक्रम तथा बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

### आष्टा नगर पालिका के कारनामे देखने पहुंचे पूर्व मंत्री वर्मा ने कसा तंज

# जिस पवित्र आत्मा की वजह से जीत के मुकाम पर पहुंचे, उस पर ही पोत दी कालिखः सज्जन वर्मा

नेता प्रतिपक्ष ने उठाया मुद्दा, तो पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा दिग्गज कांग्रेस नेताओं के साथ मूर्ति की हकीकत देखने पहुंचे अटल आवास कॉलोनी





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिले में भाजपा की नगर पालिका परिषद द्वारा विकसित की गई आवास कॉलोनी में लगी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की 64 लाख रुपए लागत की अटल प्रतिमा में हुए भारी भ्रष्टाचार से भाजपा की फजीहत बढ़ती जा रही है। जिसकी जमकर किरकिरी हो रही है। ऐसे में अब भाजपा सरकार अपने ही नेता अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार पर घिरी हुई नजर आ रही है। जहां बीते दिनों नगर पालिका में नेताप्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय ने आवास कॉलोनी स्थित अटल प्रतिमा के पास पहुंच कर वीडियो के माध्यम से अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया था। लिहाजा शनिवार को सीहोर के आष्टा पहुंचे कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा आवास कॉलोनी स्थित अटल प्रतिमा के पास तमाम कांग्रेसियों के साथ प्रतिमा की हकीकत जानने पहुंचे और मूर्ति की हकीक़त देख पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा की मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी है। जिस अटल बिहारी वाजपेई के नाम भारतीय जनता पार्टी ने भारत में जीत के मुकाम पर पहुंची है। आज उस महान व्यक्तित्व की मूर्ति में भी इन भाजपाइयों ने भ्रष्टाचार करने से परहेज नहीं किया है। आष्टा नगर पालिका को भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा है भाजपाइयों को शर्म आना चाहिए जिस इंसान के कारण तुम्हारी पार्टी जीत के इस मुकाम पर पहुंची हो कम से कम उस महान व्यक्तित्व के नाम पर भ्रष्टाचार कर कालिख तो मत पोतो।

### भ्रष्टाचार की जानकारी विजयवर्गीय को भी, नहीं किया उद्घाटनः सज्जन वर्मा



पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा की आष्टा से जो खबरें जा रही है महान व्यक्ति की प्रतिमा के बारे में पूरे मध्यप्रदेश में खबर है की आष्टा में अटल बिहारी वाजपेई की जो प्रतिमा लगी है खंडित हो चुकी है जर्जर हो चुकी है इसलिए कैलाश विजयवर्गीय जैसे नेता भी उद्घाटन करने से परहेज कर रहे हैं और कैलाश विजयवर्गीय नगरीय प्रशासन मंत्री ने खुद सिद्ध कर दिया कि यह भ्रष्टाचार हुआ है यही कारण है की कुछ दिनों पहले जब पार्वती पुल का उद्घाटन करने आए थे तब इस प्रतिमा का भी उद्घाटन कर देते लेकिन कैलाश विजयवर्गीय को भी पता है कि आष्टा नगर पालिका ने भ्रष्टाचार के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के साथ पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, सीहोर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, सुनील काटरा पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### भ्रष्टाचार पर नेता प्रतिपक्ष सभी पार्षदों के साथ मिलकर करें धरना प्रदर्शन

आष्टा पहुंचे पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने 64 लाख रुपए लागत की अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार पर नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय सहित पांचों पार्षदों और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार को धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रदर्शन करने को भी कहा। जिस पर नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय ने पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा को कहा कि जल्द रणनीति बनाकर धरना प्रदर्शन करेंगे और लिखित में शिकायत दर्ज करा कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग करेंगे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में सीहोर बिल्डअप ने जबलपुर को रोमांचक मैच में 2-1 से हराया



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में एमपीएल फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को दोपहर दो बजे जबलपुर और बिल्डअप सीहोर टीम के मध्य मुकाबला कांटे का रहा। इस रोमांचक मैच में सीहोर की टीम ने अंतिम समय में गोल कर जबलपुर को 2-1 से हराया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, महिपाल जैन, आनंद उपाध्याय, अरुण राठौर, दीपक बाथम आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अलावा विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बधाई संदेश दिया। रविवार को हुए इस रोमांचक मैच में सीहोर बिल्डअप की ओर से अब्दुल रेहमान-अनिकेत ने 1-1 गोल किया। वहीं एक मात्र गोल जबलपुर के रितिक रजक ने किया था।

### किसान हितैषी मांगों को लेकर गत दो दिन से किसान संघ का धरना जारी

**चापड़ा।** भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों के हक की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी एवं किसान विगत दो दिनों से एसडीएम कार्यालय बागली के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं, लेकिन शासन प्रशासन के जिम्मेदार किसानों की मांगों को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं शुक्रवार को जिला कलेक्टर भी बागली पहुंचे थे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने किसानों से मुलाकात करना भी उचित नहीं समझा। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष हुकम पटेल ने बताया कि सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है। आज किसान काफी परेशान नजर आ रहा है लेकिन सरकार कि गलत नितियों के कारण किसानों को मदद नहीं मिल रही है। खरीफ फसल नुकसानी की राहत राशि, बीमा क्लेम एवं समर्थन मूल्य पर खरीदी, पिछले साल खरीफ फसल सोयाबीन मक्का एवं अन्य जिंसों की पीला मोजक एवं जल भराव से 80 से 90% रकबे में 70% से 80% फसल खराब हुई थी।

# ग्राम बमुलिया रायमल में चल रहा मां अंबे के दरबार में गरबे का पांच दिवसीय कार्यक्रम

**नव युवाओं ने सजाया फुलों से मां अम्बे का दरबार, आज होगी महाआरती**





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम बमुलिया रायमल में चल रहे 5 दिवसीय गरबे का कार्यक्रम में पंचम दिवस को महाआरती होगी पुरे गांव वासी हर घर से सजाई जाएगी आरती की थाली और मां अम्बे के दरबार में महाआरती में सामिल होंगे पुरे गांव में बड़े ही धूमधाम से ढ़ोल नगाड़ों के साथ जूलूस निकालकर मां अम्बे के दरबार में पहुंचेंगे और महाआरती के पश्चात तुलादान भी किया जाएगा उसके पश्चात गरबे का कार्यक्रम प्रारंभ होगा कलाकार अपनी कलाएं दिखाएंगे गांव के वरिष्ठ जन बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि मां अम्बे के दरबार में बहुत पिंडियों से चली आ रही गरबे की परंपरा और जो भी अपनी मन्नत मांगता है वह मन्नत पूरी होती है तो वह तुलादान करवाता है और महाप्रसादी, एवं गरबे का कार्यक्रम करवाता है मंच संचालन दसरथ सिंह तेजाजी व विरेन्द्र सिंह ठाकुर प्रति वर्ष करते हैं और अपनी सेवाएं मां अम्बे के दरबार में देते हैं।

# नगर में भव्य रूप से होगा मानस सम्मेलन का आयोजन, अध्यक्ष बने नारायण भूरू मुकाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




पिछले लगभग पचास वर्षो से आष्टा नगर के बिचो बीच स्थित मानस भवन में प्रतिवर्ष बड़े उत्साह और उमंग के साथ भव्य रुप से मानस सम्मेलन आयोजित किया जाता है बिच में दौ तीन वर्ष कुछ कारणों से यह श्रँखला टूटी थी किन्तु आष्टा के सभी श्रद्धालुओं के प्रयासो से पुनः यह श्रँखला अनवरत रुप से गतिमान है इस वर्ष 2025 का मानस सम्मेलन समिति का अध्यक्ष नगर के प्रमुख व्यवसाई और माँ नर्मदा के परम भक्त नारायण भूरू मुकाती को मनोनीत किया गया है। नारायण भूरू मुकाती को मानस सम्मेलन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर पूर्व न.पा. अध्यक्ष एवं प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार ने अपने साथियों के साथ मां पार्वती गौ शाला आष्टा के अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह एवं युवा समाजसेवी अर्जुन सिंह अजय के साथ मुकाती निवास पहुंचकर दुपट्टा और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर परमार ने कहा की हम सभी आष्टा नगर एवं क्षेत्रवाशी मिलकर भूरू मुकाती के नेतृत्व में बहुत ही भव्य रुप में मानस सम्मेलन मनाएंगे और भगवान राम और कृष्ण की इस अविरल धारा को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर मनीष डोंगरे, कल्लू मुकाती, हेमंत मुकाती उपस्थित थे।

### मांग पूरी नहीं हुई तो हाईवे पर धरना देकर करेंगे चक्काजाम

**चापड़ा।** ग्राम कमलपुर में अवैध रूप से बिकने वाली कच्ची शराब पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने एकत्रित होकर जन आक्रोश के साथ नगर में रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में क्षेत्र के महिला पुरुष शामिल हुए। ग्रामीण रैली के रूप में पुलिस थाना कमलापुर पहुंचे, जहां पुलिस थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि कमलापुर के कई लोगों द्वारा अवैध रूप से कच्ची शराब का विक्रय किया जा रहा है जिससे गांव के भोले भाले लोगो को शराब का आदि बना दिया गया है और शराब के सेवन से कई घरो के युवा को लत लग चुकी है। विगत 4-5 माह में कई मौते भी कच्ची शराब से हो हुई है। गरीब वर्ग के लोग व कृषकगण मेहतन मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का जीवन चला रहे है किन्तु अवैध रूप से शराब का विक्रय होने पर गांव के भोले भाले लोग शराब के आदि हो रहे है। आबकारी विभाग कि निष्क्रियता के चलते कच्ची शराब का विक्रय करने वालो के होसले बुलंद हो चुके हैं।

# वोट चोर गद्दी छोड़ व अन्य मुद्दों को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वोट चोर गद्दी छोड़ और अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस जिला सचिव माखन सिंह सोलंकी के द्वारा ग्रामीणों के हस्ताक्षर कराए गए। इस मौके पर माखन सिंह सोलंकी ने कहा कि वरिष्ठ कांगेस नेता राहुल गांधी द्वारा जिस तरह भाजपा के द्वारा की गई वोट चोरी को बेनकाब किया गया है। इससे नागरिकों को जागरूक करने हेतु सीहोर कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देश पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया व अन्य मुद्दों में सोयाबीन सात हजार रूपये प्रति क्वींटल होना चाहिए, सीहोर जिले के किसानों को मुआवजा एवं बीमा दिया जाए, सीहोर जिले को छोड़ कर सभी जिलों में बीमा ओर मुआवजा मिल चुका है, सीहोर जिले के किसानों को भी बीमा व मुआवजा दिया जाये आदि मुद्दों को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों द्वारा बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर कांग्रेस जिला सचिव माखन सिंह सोलंकी, मांगी लाल मालवीय, देवेंद्र छापरी, अशोक, सोनू कुशवाह, अनिल जयसवाल, संतोष भारती, खुशी लाल विश्वकर्मा, मनोज धनगर, सचिन कुशवाह सहित ग्रामीणों ने खुशी-खुशी हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया सभी ने आखिर में वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने आष्टा, जावर में निकाला पथ संचलन

# शताब्दी वर्षः कार्यकर्ताओं ने जय घोष के साथ मिलाए कदम ताल





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

नगर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विशाल पथ संचलन निकाला गया। इसमें 5000 से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। संचलन का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।यह संचलन शहर के कन्नौद रोड स्थित कृषि उपज मंडी से शुरू हुआ। संचलन से पूर्व कृषि मंडी परिसर में स्वयंसेवक एकत्रित हुए, जहां आरएसएस के जिला प्रचारक सहित वरिष्ठ जनों ने उद्बोधन दिया। संचलन कन्नौद रोड, चार बत्ती चौराहा, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, पुराना बस स्टैंड, पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग, परदेसी पुरा और बुधवारा सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में दीपक दास जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है और सभी स्वयंसेवक इस पर गौरवान्वित हैं।दीपक दास जी ने अयोध्या में राम मंदिर के संदर्भ में अपने संकल्प का उल्लेख किया और जातिवाद को समाप्त करने की बात कही। उन्होंने एकता पर जोर देते हुए धर्म की रक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया।



### जावर खंड के गुराडिया मंडल में निकाला पथ संचलन

**जावर।** अद्भुत अविस्मरणीय शताब्दी वर्ष पथ संचलन के समापन के अवसर पर जावर खंड के ग्राम गुराड़िया में लगभग 85 बहनों एवम मातृशक्ति द्वारा मिलकर पूरे गाँव मे रंगोली बनाई गई।पूरे गाँव मे वरिष्ठ जनों,बच्चों ओर मातृशक्ति द्वारा हर घर से पुष्प वर्षा कर संचलन स्वागत किया गया।